कौशल विकसित करना असली चुनौती

जागरण संवाददाता, पटना : चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना (सीआइएमपी) में शुक्रवार को एचआर नेक्स्ट 2.0 कानक्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमता और मानवीय विमर्श पर चर्चा की गई। आयोजन का उद्घाटन एचआर नेक्स्ट कानक्लेव के अध्यक्ष प्रो. विभाष कुमार ने किया। भारत पेट्रोलियम के मानव संसाधन निदेशक राज कुमार दुबे ने कहा कि असली चुनौती मानव संसाधन कौशल विकसित करने में है। सीआइएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह ने कहा कि एचआर पेशेवरों के लिए अपने कौशल को लगातार उन्नत करना और उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाना महत्वपूर्ण है। एआइ के साथ कार्यस्थल प्रणालियों को फिर से आकार देना, कौशल आवश्यकताओं को फिर से परिभाषित करना कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान में सम्मेलन' का उद्घाटन करते अतिथि। ● जागरण

एआई और मानव संसाधन पर चर्चा

पटना। सीआईएमपी में शुक्रवार को एचआर नेक्स्ट 2.0 कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। इसमें मानव संसाधन प्रबंधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की बढ़ती भूमिका पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज कुमार दुबे, निदेशक भारत पेट्रोलियम ने कहा कि एआई के दौर में वास्तविक चुनौती तकनीक को अपनाते हुए मानवीय स्पर्श को बनाए रखने की है।

निदेशक प्रो. राणा सिंह ने कहा कि भारत मानव पूंजी का प्रमुख स्त्रोत होने के नाते एचआर पेशेवरों के लिए नवीन तकनीकों को अपनाना आवश्यक है। कार्यक्रम में एचआर इनोवेटएक्स हैकाथॉन, एचआर क्वेस्ट क्विज प्रतियोगिता भी हुए।

Hidustan (Hindi) !
Page.No- 06
Dated:29-11-2025